## एक नजर में

### 24 घंटे के भीतर बाघ हमले की दूसरी घटना

**उमरिया.** जिले स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ग्राम झलवार में 24 घंटे के भीतर बाघ के हमले की दूसरी घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई. इससे पहले इसी गांव में बाघ के हमले में एक महिला की मृत्यु हुई थी. पुलिस सूत्रों के अनुसार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा कोर क्षेत्र की कुदरी बीट अंतर्गत ग्राम झलवार में आज बाघ ने एक युवक पर हमला कर दिया. हमले में कल्याण सिंह (लगभग 30 वर्ष) की मौके पर ही मृत्यु हो गई. बताया गया है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची.

### महिला को श्वानों ने नोचकर मार डाला

**बड़वानी.** जिला मुख्यालय के बाहरी क्षेत्र में आज शुक्रवार को एक 35 वर्षीय महिला की आवारा श्वानों के झुंड के हमले में मृत्यु हो गई. पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ला ने बताया कि राजघाट रोड स्थित ईंट भट्ठों के समीप लीलाबाई बकावले लकड़ी और स्क्रैप बीनने गई थी. इसी दौरान उस पर आवारा श्वानों के झुंड ने हमला कर दिया. महिला के सिर, गर्दन, गले और पेट पर गंभीर घाव पाए गए और उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है तथा शव को परीक्षण के लिए भेज दिया गया है. घटनास्थल के समीप स्थित एक ईंट भट्टे के कर्मचारी गोलू गोले ने बताया कि लीलाबाई प्रतिदिन वहां लकड़ी और स्क्रैप बीनने आती थी.

### अवैध रेत खनन पर सख्ती

**मुरैना.** जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ ने विभिन्न ग्रामों के कोटवारों को उनके कार्यक्षेत्र में विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया है. यह आदेश पुलिस अधिनियम, 1861 तथा मध्यप्रदेश कोटवार नियमों के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किया गया है. नियुक्तियां पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के अनुरोध पर अम्बाह, जौरा, मुरैना और सबलगढ़ तहसीलों के चयनित ग्रामों के कोटवारों के लिए की गई हैं.

# हिरासत में कांग्रेस नेता

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 जून. केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के भोपाल दौरे के दौरान पुलिस ने युवा कांग्रेस के तीन नेताओं को हिरासत में ले लिया. हिरासत में लिए गए नेताओं में युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, प्रदेश सचिव धनजी गिरी तथा एनएसयूआई प्रदेश सचिव अमन पठान शामिल हैं. बताया गया है कि तीनों नेताओं को कई घंटों तक स्थानीय थाने में रखा गया.**

नेताओं को हिरासत में लिए जाने की घटना के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की. कार्यकर्ताओं का कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल अधिकार हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक असहमति तथा सार्वजनिक जवाबदेही के सिद्धांतों को कमजोर करते हैं.



### धर्मेंद्र से जवाब मांगते हुए पटवारी का हमला



**भोपाल.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के भोपाल दौरे के दौरान नीट परीक्षा विवाद को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षा घोटाले पर जवाबदेही तय करने से बच रही है और लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है. पटवारी ने कहा कि छात्रों और युवा संगठनों की चिंताओं का समाधान करने के बजाय शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया. उन्होंने कहा, 'लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं हो सकता.' नीट पेपर लीक विवाद का उल्लेख करते हुए पटवारी ने परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की भूमिका पर स्पष्ट जवाब मांगा. उनका कहना था कि 21 जून को प्रस्तावित पुनर्परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों की छपाई, पैकेजिंग, भंडारण और परिवहन तक कड़ी निगरानी की जा रही है, जिससे यह सवाल उठता है कि पहले ऐसी सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं थी. पटवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से पूछा कि पेपर लीक कैसे हुआ, कथित परीक्षा माफिया को संरक्षण किसने दिया, दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई और क्या सरकार 21 जून की परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष एवं सुरक्षित कराने की गारंटी दे सकती है.

## मंत्रालय के गलियारे से

# फिर निशाने पर एसीएस

कन्हैया लोधी

अपर मुख्य सचिव स्तर के एक अधिकारी एक बार फिर निशाने पर आ गए हैं, विवाद पुराना है. एसीएस ने अपने प्रभाव का उपयोग कर एक संवैधानिक संस्था के मुखिया के लगभग हाथ ही बांध दिए हैं. ये सब नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है, जब संस्था के मुखिया की सहन करने की क्षमता खत्म हो गई तो फिर उन्होंने उम्मीद में लंबा-चौड़ा पत्र लिख दिया. ये पत्र अब मंत्रालय की चौथी मंजिल तक पहुंच चुका है. अब देखना है कि इस पत्र के बाद कुछ हलचल होती भी है या नहीं. या फिर नाउम्मीदी ही हाथ लगती है.

**ढीला रवैया पड़ा भारी**

पिछले दिनों एक बड़े महकमे के ईएनसी को बड़ी जिम्मेदारी से हटा दिया गया. बताया जा रहा है कि ईएनसी का ढीला रवैया उनको हटाने की मुख्य वजह बना. गुजरते वक्त के साथ अब विभाग पर काम का प्रेशर बढ़ रहा है. विभाग को कई मोर्चों पर एक साथ जूझना पड़ रहा है. ऐसे में ईएनसी साहब ठीक से तालमेल नहीं बिठा पा रहे थे, न तो मंत्री और न ही पीएस. विकल्प के रूप में मंत्रीजी के पसंद के अफसर को नई जिम्मेदारी दे दी गई है.



### तसल्ली के बाद जश्न

पिछले दिनों प्रदेश में नाटकीय घटनाक्रम में एक साथ तीनों राज्यसभा उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीत गए. भाजपा के दांव में विपक्ष ऐसा उलझा कि उबर नहीं पाया. उधर कांग्रेसी विधायक फ्लाइट का लुत्फ लेने एयरपोर्ट पहुंच गए और इधर दांव-पेंच में बाजी भाजपा उम्मीदवार के हाथ लग गई. सामान्य तौर पर चुनाव जीतने के बाद भाजपा जश्न मनाने में देरी नहीं करती, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ. जब पूरी तसल्ली हो गई कि अब बाजी पूरी तरह अपने हाथ में है, तब जाकर जश्न मनाने की औपचारिकता की गई, लेकिन तब तक एक निर्वाचित सदस्य ने राजधानी से रवानगी दे दी थी.

### तू-तड़ाक के चर्चे

ऐसा कम ही देखने मिलता है कि राजनीति में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेता सार्वजनिक रूप से तू-तड़ाक करने लगे. लेकिन पिछले दिनों कुछ ऐसा ही नजारा देखने मिला. जब कांग्रेस के दो दिग्गज मीडिया के सामने मुखातिब होने से पहले तू-तड़ाक पर उतर आए. मामला राज्यसभा चुनाव से जुड़े घटनाक्रम की जानकारी का था. दोनों नेताओं के इस अंदाज ने ये तो साबित कर ही दिया कि कांग्रेस को लीड करने वाले नेताओं के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है.

# कुछ ही कलेक्टर वीसी में बोलते हैं

## सीएम ने कहा, मैं लगातार ऑब्जर्व कर रहा हूं

**यूसीसी को लेकर हुई वीसी में सीएम ने दागा सवाल**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को प्रदेश में लागू होने वाले समान नागरिक संहिता को लेकर चल रहे जागरुकता अभियान के मामले में समत्व भवन से वीसी के माध्यम से कलेक्टरों से रूबरू हुए और उनसे अभियान के बारे में ताजा फीडबैक लिया.**

इस दौरान सीएम ने सवाल दागते हुए कहा कि मैं देख रहा हूं कि जब भी वीसी होती है तो कुछ 6-8 जिलों के कलेक्टर ही बोलते हैं, बाकी कलेक्टर चुप बैठे रहते हैं. मैं लगातार इसे ऑब्जर्व कर रहा हूं. मुख्यमंत्री यहीं नहीं रुके, उन्होंने कलेक्टरों को सचेत करते हुए कहा कि जुलाई में कलेक्टर-एसपी की कॉन्फ्रेंस भी होगी, जिसमें आप सभी के कामकाज की समीक्षा की जाएगी. जिलों की रैंकिंग भी तय होगी, इसी परफॉर्मेंस के आधार पर कलेक्टरों को जिलों में काम करने का मौका मिलेगा. कॉन्फ्रेंस का समय बाद में तय किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समान नागरिक संहिता के बारे में 22 जून तक सुझाव आमंत्रित हैं.

> **नागरिकों को अभिमत देने के लिए प्रेरित करें**
>
> यूसीसी को लेकर सीएम ने कहा कि समान नागरिक संहिता के संबंध में नीति निर्माण जनसामान्य के सुझावों के आधार पर किया जाएगा. बेहतर नीति निर्माण के लिए बेहतर जनभागीदारी आवश्यक है. प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या सुझाव आमंत्रित करने के लिए सभी जिलों में जागरूकता अभियान चलाया जाए. नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ ग्राम स्तर तक नागरिकों को अपना अभिमत देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए.

# आज होगी उद्यमियों, स्टार्ट अप्स को प्रोत्साहन राशि वितरित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 जून. प्रदेश में उद्यमिता को नई दिशा देने के साथ रोजगार सृजन को गति प्रदान कर विकसित मध्यप्रदेश बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए रविवार 14 जून को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम होगा.**



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न जिलों के एमएसएमई उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स तथा अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रोत्साहन राशि का वितरण करेंगे. इस दौरान उद्यमियों को भू-आवंटन पत्र, स्टार्टअप नीति के तहत स्वीकृत विभिन्न लाभ और मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं को हितलाभ भी वितरित किए जाएंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए एमएसएमई उद्यमियों एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे.

# तहसीलदार ने नारियल पानी पिलाकर कराया अनशन का पारण

## पेयजल, सड़क और बिजली व्यवस्था को लेकर उठी आवाज

नवभारत न्यूज

**सरई 13 जून। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण की अध्यक्ष सरस्वती सिंह के मार्गदर्शन तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई अध्यक्ष रणबहादुर सिंह एवं नगर अध्यक्ष डॉ. भाईलाल शर्मा के नेतृत्व में सरई तहसील परिसर में स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन शनिवार को समाप्त हो गया।**




देवसर एसडीएम और तहसीलदार सरई के आश्वासन के बाद कांग्रेस नेताओं ने अपना आंदोलन वापस ले लिया। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद सरई क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट, जर्जर सड़कों, नालियों की सफाई, अघोषित बिजली कटौती तथा प्रशासनिक उदासीनता जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लंबे समय से इन समस्याओं के कारण आम नागरिक परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं। आंदोलन को देखते हुए देवसर एसडीएम एवं तहसीलदार सरई प्रदर्शन स्थल पहुंचे और कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने पेयजल संकट सहित अन्य बुनियादी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। प्रशासन के आश्वासन से संतुष्ट होकर आंदोलनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान तहसीलदार सरई ने अनशन पर बैठे नेताओं को नारियल पानी पिलाकर उनका उपवास तुड़वाया।

# मीना बाजार के सीसीटीवी में कैद हुए बाइक चोर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जून, मोरवा थाना क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा करने में सीसीटीव्ही फुटेज अहम साक्ष्य के रूप में सामने आया है।**



पीड़ित नितेश तिवारी ने घटना के बाद स्वयं प्रयास कर मीना बाजार क्षेत्र में लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज प्राप्त की और उसे मोरवा पुलिस को सौंप दिया। फुटेज में दो युवक मोटरसाइकिल लेकर जाते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं, जिसके बाद पुलिस की जांच तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नितेश तिवारी निवासी ग्राम कोरसर कोठार तहसील चितरंगी जो वर्तमान में मोरवा बाजार क्षेत्र में किराये के मकान में निवास करते हैं, 12 जून की शाम अपने भाई के साथ पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 53 एमके 4566 से मोरवा बाजार पहुंचे थे। दोनों ने पुरानी सब्जी मंडी के समीप मोटरसाइकिल खड़ी कर खरीदारी के लिए चले गए। लगभग आधे घंटे बाद लौटने पर वाहन मौके से गायब मिला। काफी तलाश के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद पीड़ित ने आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों की जानकारी जुटाई और मीना बाजार की फुटेज निकलवाई।

फुटेज में दो संदिग्ध युवक पहले मोटरसाइकिल के आसपास घूमते नजर आते हैं और बाद में वाहन लेकर जाते दिखाई देते हैं। पीड़ित ने उक्त फुटेज मोरवा थाने में प्रस्तुत कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं वाहन बरामदगी की मांग की है। मोरवा पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2)के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# ब्रह्माकुमारी आश्रम चाकघाट में समर कैंप 16-17 जून को

**चाकघाट 13 जून, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, चाकघाट द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।**





यह शिविर 16 एवं 17 जून 2026 को आयोजित होगा, जिसमें बच्चों को संस्कारवान, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां कराई जाएंगी।आयोजकों के अनुसार समर कैंप में नैतिक मूल्य, आध्यात्मिक ज्ञान, खेल-कूद, कला एवं क्राफ्ट, मेडिटेशन, व्यक्तित्व विकास तथा मनोरंजक गतिविधियों का समावेश रहेगा। शिविर का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक जीवन की चुनौतियों के बीच सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कारों से जोड़ना है।कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक संचालित किया जाएगा। शिविर में बच्चों को सत्य बोलने, समय की पाबंदी, माता-पिता के सम्मान, स्वच्छता, प्रेम एवं सहयोग, ईमानदारी तथा शांति एवं सद्भाव जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाएगी।ब्रह्माकुमारी संस्था के पदाधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस शिविर में शामिल कर उनके उज्ज्वल भविष्य और व्यक्तित्व निर्माण में सहयोग करें। संस्था का मानना है कि संस्कारवान बच्चे ही एक सशक्त और आदर्श समाज की पहचान होते हैं।शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारी केंद्र, चंद्रपुर रोड, चाकघाट में किया जाएगा। सीमित सीटों को देखते हुए इच्छुक अभिभावकों से शीघ्र पंजीयन कराने का अनुरोध किया गया है।

# 12 वर्षों में एनसीएल ने सामाजिक विकास पर 1370 करोड़ किया खर्च

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जून। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से सिंगरौली, सोनभद्र तथा आसपास के क्षेत्रों में सतत एवं समावेशी विकास को निरंतर बढ़ावा दे रही है।**



विशेष रूप से पिछले 12 वर्षों में एनसीएल ने सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वर्ष 2013-14 में सीएसआर व्यय 39 करोड़ थाए जो वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 146 करोड़ हो गया है। विगत 12 वर्षों में एनसीएल ने सिंगरौली परिक्षेत्र में सतत सामाजिक विकास पर 1370 करोड़ खर्च कर विभिन्न जनकल्याणकारी पहलों के माध्यम से लगभग 10 लाख लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लायी है। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में सिंगरौली, सोनभद्र तथा आसपास के क्षेत्रों में संचालित कंपनी की सीएसआर पहलें समावेशी एवं सतत विकास के लक्ष्य को साकार कर रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, स्वच्छ पेयजल, आधारभूत संरचना निर्माण तथा ग्रामीण आजीविका जैसे क्षेत्रों में ये पहलें सिंगरौली परिक्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव ला रही हैं। वहीं एनसीएल अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत सिंगरौली में लगभग 76 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किए जा रहे इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग टेक्नोलॉजी को वित्तीय सहयोग प्रदान कर रही है। यह संस्थान क्षेत्र की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप माइनिंग इंजीनियरिंग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएगा। संस्थान का संचालन तकनीकी शिक्षा संचालनालय, भोपाल द्वारा किया जाएगा।

# सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**सिंगरौली 13 जून।** जिले के माड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुटार सड़क मार्ग पर शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक के सिर में गिट्टी का बड़ा टुकड़ा धंस गया। हादसे के बाद काफी देर तक लोग मौके पर मौजूद रहे, लेकिन घायल की मदद के लिए आगे नहीं आए। बाद में सामाजिक संगठन के सदस्यों ने मानवता का परिचय देते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह रजमिलान के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर के बाद युवक सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़ा रहा। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट आई और गिट्टी का एक बड़ा टुकड़ा सिर में धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के बाद काफी समय तक लोग केवल तमाशबीन बने रहे। इसी दौरान मौके पर पहुंचे क्षत्रिय कुलवंत संगठन के सदस्यों ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

## पेज एक का शेष

### 12 वर्ष में 350 से बढ़कर 2 .50 लाख स्टार्टअप्स

25 वर्षों तक सरकार का प्रमुख बने रहने का अनोखा रिकॉर्ड भी पीएम मोदी के पास है. उन्होंने कहा कि पिछले तीन लोकसभा चुनाव से जनता का आशीर्वाद मिल रहा है. ये जनविश्वास अब भरोसे में परिवर्तित हो गया है. सोशल मीडिया और एआई के दौर में लोगों की राय बदलती रहती है. इस दौर में पीएम के प्रति ये भरोसा बताती है कि देश और सरकार सही राह पर है. करोड़ों लोगों में विश्वास जगाना अनोखी तपस्या है. पीएम मोदी ने विशेष रूप से चार वर्गों के कल्याण पर फोकस किया और अंत्योदय के कल्याण को साकार किया. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से अटलजी के कार्यकाल के 6 वर्ष और पीएम मोदी के 12 वर्ष इस तरह 78 वर्ष में कुल 18 वर्ष एनडीए की सरकार को देश में काम करने का मौका मिला है. इन 18 वर्षों में भाजपानीत सरकार ने नई लकीर खींची है. पीएम मोदी ने जिस काम के भूमिपूजन के लिए पत्थर रखा, उसका लोकार्पण भी किया. देश में नौजवानों के सपनों को पंख लगे हैं. मप्र भी ग्रीन बेस्ड डेवलपमेंट का मॉडल स्टेट बना है. देश में एनएफएचएस के ताजा सर्वे में लोगों का हेल्थ पर खर्च घट रहा है, यह इसलिए हो रहा है कि अब लोगों को आयुष्मान से इलाज मिलने लगा है. प्रधान ने कहा कि राजनीति में मतभिन्नता स्वाभाविक है.

### हमने राम राज्य सुना था, हम भाग्यशाली देख भी रहे : सीएम

पीएम ने रात गुजारा. भोपाल 1956 में केपिटल बन गया, लेकिन जीआईएस बाहर होता था, केपिटल में क्यों नहीं होना चाहिए? जब पीएम मोदी से मैंने बात की तो उन्होंने कहा कि करो, एक दिन पहले मैं आ रहा हूं. मैं तो उद्योगपतियों को रूकवाने के लिए टैंट-तंबू के इंतजाम में लगा था. रामराज्य क्या है, सभी को आवास मिले, अनाज मिले, रोजगार और सुरक्षा मिले. यह मिल रहा है. सीएम ने कहा कि उज्जैन में हमने धार्मिक पर्यटन का नया इको सिस्टम खड़ा कर दिया है. खान नदी से इंदौर की गंदगी क्षिप्राजी में मिलती थी, हमने नमामि गंगे मिशन के 800 करोड़ से इस समस्या को खत्म कर दिया. पहले हमें कुश्ती में मेडल मिल जाए तो बड़ी बात थी, लेकिन अब हमारे निशानेबाज भी निशाना भी ठोक के लगा रहे हैं. प्रदेश में यूसीसी लागू होने के संकेत देते हुए सीएम ने कहा कि शहडोल की बेगम यास्मीन से कहा कि यूसीसी लागू करो. पहले कश्मीर में क्या होता था, अब उधर के लोग रो रहे हैं. सर्जिकल स्ट्राइक हमने देखा. एशिया में केवल ईरान के पास ही 12-15 चीता है. हमारे पास 50 से ज्यादा चीते हैं. अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि अंसारी भाई जिन्होंने इसका मुकदमा लड़ा. निर्णय आने के बाद और मंदिर बनने के बाद मंदिर में दर्शन भी किया और लाकार्पण के मौके पर भी गए, लेकिन जिन्होंने झगड़े कराए, वे दर्शन करने नहीं गए. देश में नया न्याय संहिता लागू होने पर कहा कि न्याय खुली आंखों से होना चाहिए. पहले नक्सलवाद खत्म करना असंभव लगता था, लेकिन पीएम मोदी ने कर दिखाया. अब तो विरोधी दल के सीएम कह रहे हैं कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की पूर्ति होगी. आज देश के 80 फीसदी भूभाग और 70 फीसदी की आबादी में एनडीए की सरकार है.

# फंगस युक्त खाद्य सामग्री विक्रेता को 6 माह की सजा व जुर्माना

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 जून, फंगसयुक्त खाद्य सामग्री विक्रेता को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा 6 माह की सजा सुनाई गई है।**

बताया गया कि दिनांक 20 सितंबर 2019 को समय करीब 2.10 बजे खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यवाही निरीक्षण के दौरान गुरूद्वारा रोड़ स्थित सुभाष ट्रेडर्स में उपस्थित हुए, जहां मौके पर उपस्थित विक्रेता को अपना परिचय देते हुए विक्रेता का नाम पूछने पर विनोद कुमार गुप्ता पिता भैयालाल गुप्ता बताया गया। जांच अधिकारी के निरीक्षण के दौरान विक्रेता द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 का खाद्य रजिस्ट्रेशन/लायसेंस पूंछने पर प्राप्त है, बताया गया। जांच टीम द्वारा दुकान का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान समस्त प्रकार की खाद्य सामग्री तेल, मसाले, नमकीन, बिस्किट, दाले, अनाज इत्यादि बिक्री हेतु रखे पाये गये। मौके पर लकड़ी की आलमारी के रैंक में 20-25 पैकेट किशमिश और एक बोरी में काली मिर्च लगभग 25-39 किलोग्राम बिक्री हेतु रखी पायी गयी। जिन पर अवमानक एवं मिथ्याछाप की शंका होने पर नमूना लेने के उद्देश्य से फार्म नंबर 5 की दो प्रतियां नियमानुसार भरकर एक प्रति विक्रेता को दी गई एवं दूसरे प्रति में पावती प्राप्त की गई। मौके पर टीम की उपस्थिति में उसके द्वारा नमूना हेतु किशमिश के चार पैकेट बाजार भाव 200 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से 250 ग्राम के चार पैकेट एवं काली मिर्च बाजार भाव 300 प्रति किलो की दर से 250 ग्राम के चार भाग क्रय कर 500 रूपये नगद भुगतान कर रसीद प्राप्त की। फिर क्रय की सामग्री में नियमानुसार लेबल भरकर चिपकाया एवं भूरे कागज में प्रत्येक भाग को लपेटकर दोनों सिरों को चिपकाया और अभिहित अधिकारी द्वारा प्रदत्त हस्ताक्षरित पेपर स्लीप काली मिर्च एवं किशमिश को गोलाई में उपर से नीचे की ओर चिपकाकर सफेद दोहरे धगे से क्रास में बांधकर एक गांठ लगायी। तत्पश्चात उसने विक्रेता से इस प्रकार हस्ताक्षर कराया कि आधे पेपर स्लीप पर एवं आधे भू-कागज पर अंकित हुये और स्वयं भी उसने हस्ताक्षर किये। उपरोक्त की गई कार्यवाही का संक्षिप्त पंचनामा तैयार किया। अनुसंधान के दौरान जप्ती कार्यवाही की गई एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला सीधी मप्र में अपराध क्रमांक 26/59 दर्ज किया गया। शेष संपूर्ण अनुसंधान उपरांत धारा 26(2)(आई) सहपठित धारा 59 खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 अंतर्गत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**सशक्त पैरवी से कठोर कारावास की सजा-** न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक आरसीटी/306/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती पूजा गोस्वामी व सुश्री आसिता मिश्रा के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त विनोद कुमार गुप्ता पिता भैयालाल गुप्ता 49 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी गुरूद्वारा रोड़ सीधी, थाना कोतवाली सीधी, जिला-सीधी मप्र को फंगलयुक्त असुरक्षित सामग्री का विक्रय किये जाने से जिससे जन सामान्य के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा था यद्यपि किसी व्यक्ति को कोई गंभीर क्षति कारित नहीं हुई है परंतु असुरक्षित खाद्य सामग्री बेचने के परिणामों को दृष्टिगत रखते हुये अभियुक्त को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(2)(आई) सहपठित धारा 59 के तहत दोषसिद्धी करते हुए उक्त अपराध के लिये 6 माह के कठोर कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# खाई में गिरी बाइक, तीन युवक घायल, एक की हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 जून, जिले के चुरहट थाना क्षेत्र के करियाझर जंगल में शनिवार शाम एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए।**

घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह हादसा शनिवार शाम करीब 4:30 बजे करियाझर के जंगल क्षेत्र में हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तेज गति के कारण बाइक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे बाइक सड़क किनारे खाई में जा गिरी। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को निकालकर इलाज के लिए चुरहट अस्पताल पहुंचाया। हादसे में घायल युवकों की पहचान ग्राम करियाझर निवासी जयराम सिंह, राजमणि सिंह और पवन सिंह के रूप में हुई । चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए रीवा स्थित संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य दो घायलों का उपचार चुरहट अस्पताल में जारी है।

> **इनका कहना है**
>
> सड़क दुर्घटना में घायल तीनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक युवक की गंभीर स्थिति के कारण उसे रीवा रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।
>
> **रीता त्रिपाठी**
> **थाना प्रभारी चुरहट**


**कार्यालय प्राचार्य : डॉ. बी.आर. अम्बेडकर डिग्री कॉलेज, सतना (म.प्र.)**

संबद्धता - अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा ( म.प्र. )
पता : बस स्टैण्ड, सतना ( म.प्र. ) 485001

**आवश्यकता है।**

| क्र. | पदनाम | पद | योग्यता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 1 | NET/P.HD एवं U.G.C.द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार | U.G.C. द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार |
| 2. | सहायक प्राध्यापक सोशल वर्क संकाय | 5 | NET/P.HD एवं U.G.C.द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार | |
| 3. | सहायक प्राध्यापक वाणिज्य संकाय | 5 | NET/P.HD एवं U.G.C.द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार | |
| 4. | सहायक प्राध्यापक कला संकाय | 8 | NET/P.HD एवं U.G.C.द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार | |
| 5. | सहायक प्राध्यापक कम्प्यूटर साइंस संकाय | 5 | NET/P.HD एवं U.G.C.द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार | |

नोट :- इच्छुक आवेदक 10 दिवस के अन्दर महाविद्यालय में सम्पर्क करें।
पता :- संजीवनी हॉस्पिटल के सामने, विक्रांत चश्मा के पास बस स्टैण्ड, सतना (म.प्र.) 485001
मोबाइल नम्बर :- 6232297455, 8982297700
अध्यक्ष :- अध्यात्मिक डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा समिति, सतना ( म.प्र. )